दिनांकः 07.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्यपाल हरीभाऊ बागडे अपने दो दिवसीय दौरे पर आज जैसलमेर पहुंचे। राज्यपाल को एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इसके बाद श्री बागडे तनोट माता के दर्शनों के लिए रवाना हुए। उनका सीमा सुरक्षा बल की चौकियों का दौरा करने और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम है। श्री बागडे शाम को सोनार दुर्ग का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल कल जैसलमेर से पोकरण के लिए रवाना होंगे और वहां परमाणु परीक्षण स्थल का निरीक्षण करेंगे। उनका बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने का भी कार्यक्रम है।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने सड़क निर्माण उद्योग से टिकाऊ निर्माण सामग्री और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाकर सड़क सुरक्षा को बेहतर करने के लिए रणनीति विकसित करने का आह्वान किया है। श्री गडकरी ने नई दिल्ली में "विज़न जीरोः टिकाऊ इंफ्राटेक और सुरक्षित सड़कों के लिए नीति" विषय पर दो दिवसीय वैश्विक सड़क इंफ्राटेक शिखर सम्मेलन और एक्सपो के उदघाटन के दौरान यह बात कही। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं को आधा करना है।

000

इस साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कल आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से होने वाली यह लोक अदालत राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में लगाई जाएगी। न्यायाधीश चंद्रशेखर जोधपुर में और न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह जयपुर में लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे। इन लोक अदालतों में राजीनामे से आमजन को अपने विवाद जल्दी, सरल और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने का अवसर दिया जाता है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि ने बताया कि लोक अदालत के प्रति आमजन और पक्षकारों में उत्साह बना हुआ है। पक्षकार स्वयं आगे बढ़कर अपने मामलों को लोक अदालत में लगवाने के लिए आ रहे हैं।

000

राजधानी जयपुर में कल से दो दिवसीय ग्लोबल बिजनेस समिट का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है। इसमें 100 से अधिक स्टार्टअप्स, देश–विदेश के उद्यमी और निवेशक हिस्सा लेंगे। इस समिट में विभिन्न उद्योगों के व्यापारी, व्यापार वृद्धि के गुर साझा करेंगे। सम्मेलन के पहले दिन कल उद्यमिका वुमन कॉन्क्लेव में पांच हजार महिलाएं वर्चुअली जुड़ेंगी। वहीं, दूसरे और अंतिम दिन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे चयनित स्टार्टअप्स को सम्मानित करेंगे। सम्मेलन में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

000

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर की ओर से आज से क्राफ्ट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस क्राफ्ट बाजार का उद्देश्य विभिन्न हस्तशिल्प और हथकरघा कारीगरों की हस्तनिर्मित वस्तुओं के विक्रय और प्रदर्शन के लिये मंच प्रदान करना है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर जी.एच.एस. प्रसाद ने बताया कि इसमें दर्शक विश्व प्रसिद्ध शिल्प कलाएं ब्लू पॉटरी, बगरू हैंड ब्लॉक प्रिंट, टेराकोटा, चंदेरी बुनाई, चिकनकारी, मेटल, टाई एण्ड डाई, बुनाई, जूट, चमड़ा, कोटा डोरिया के कारीगरों से सीधे हस्तशिल्प उत्पादों को खरीद सकते हैं। साथ ही उनसे उत्पादों के बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

000

हनुमानगढ़ जिले के भादरा क्षेत्र में गोगामेड़ी, भिरानी, भादरा तथा टिब्बी क्षेत्र में अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गई। खेत में पानी लगाते समय करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। वहीं दूसरे हादसे में वाहन से टकरा कर दो युवकों की मृत्यु हो गई। टिब्बी के सलेमगढ़ मसानी गांव में शादी समारोह के दौरान बंदूक से गोली चलने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000